## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार किए साझा, कैच द रेन अभियान और जल संचय–जन भागीदारी अभियान की सराहना की।**
2. **झारखंड के सरकारी स्कूलों में किया जाएगा भाषा आधारित सर्वे, विद्यार्थियों की मातृभाषा के अनुसार होगी शिक्षकों की नियुक्ति।**
3. **झारखंड की विधि–व्यवस्था पर बाबूलाल मरांडी ने अमित शाह को सौंपी रिपोर्ट, विकास योजनाओं में 20 हजार करोड़ रुपये सरेंडर करने पर राज्य सरकार को घेरा।**
4. **झारखंड समेत दे□ाभर में चैत्र नवरात्र के साथ हिन्दु नववर्श प्रारंभ, राश्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार ने दी भाुभकामनाएं।**
5. **आईपीएल क्रिकेट में आज दोपहर दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद होंगे आमने–सामने।**

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि गर्मी आते ही देशभर में जल बचाने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय और विभिन्न एनजीओ के प्रयासों से देश में हजारों कृत्रिम तालाब, चेक डैम, बोरवेल रिचार्ज और सोक पिट बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने **कैच द रेन अभियान और जल संचय–जन भागीदारी अभियान** की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रयासों से जल संरक्षण को नई गति मिली है।
मन की बात कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अब 100 दिन से कम दिन बचे हैं और इस वर्ष की थीम है – **वन अर्थ, वन हेल्थ** । उन्होंने लोगों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में खिलाड़ियों के समर्पण और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने खुशी जताई कि इस बार की प्रतियोगिता में पहले से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे पैरा स्पोर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता साफ दिखती है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए, जिनमें से 12 महिला खिलाड़ियों ने बनाए हैं।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महुआ फूलों के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय में लोकप्रिय इस फूल से विभिन्न व्यंजन बनाये जा रहे हैं जो काफी लोकप्रिय हो रहे हैं।

********************

राज्य सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए भाषा आधारित सर्वे कराया जाएगा। इस सर्वे का उद्देश्य स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की मातृभाषा का पता लगाना है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि जिस क्षेत्रीय भाषा के 10 से 15 छात्र होंगे, वहां उस भाषा का शिक्षक नियुक्त किया जाएगा। सर्वे के आधार पर नागपुरी, संथाली, हो, मुंडारी, खोरठा सहित अन्य भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति होगी।

********************

राजधानी रांची में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) की 75वीं वर्षगांठ पर जन जागरूकता मार्च आयोजित किया। मोराबादी मैदान से निकले इस मार्च में एनएसओ के उप महानिदेशक डॉ. विनीत कुमार ने एनएसएस के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्षगांठ के अवसर पर 75 पौधा रोपण, दीवार चित्रण और शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाने की योजना है।

********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को झारखंड की बिगड़ती विधि–व्यवस्था पर रिपोर्ट सौंपी, जिसमें राजनीतिक हत्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाया। श्री मरांडी ने राज्य सरकार पर 20 हजार करोड़ रुपये विकास योजनाओं में लगाने के बजाय सरेंडर करने का आरोप लगाया।

********************

देशभर के मंदिरों में सुबह की आरती के साथ नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र उत्सव का आज शुभारंभ हो गया। यह त्यौहार देवी दुर्गा के नौ अवतारों की पूजा के लिए समर्पित है। नौ दिवसीय इस उत्सव का समापन राम नवमी के दिन होगा।

इधर खूंटी जिले में हिंदू नववर्ष और नवरात्रि के अवसर पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा और एसपी अमन कुमार ने आम्रेश्वरधाम में पूजा अर्चना की। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और लोग मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं।

इधर सरायकेला खरसावां जिले में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रानी सती मंदिर में हिंदू नव वर्ष मनाया गया।

********************

आज से हिंदू नववर्ष का श ुभारंभ हो गया है, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। अपने पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि ये त्योहार हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी झारखंड वासियों को नव संवत्सर, विक्रम संवत 2082 की बधाई दी है।

********************

आकाशवाणी का आराधना यूट्यूब चैनल नवरात्र के लिए आज से 6 अप्रैल तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। समारोह का विशेष आकर्षण अनूप जलोटा, नरेन्द्र चंचल, जगजीत सिंह, हरिओम शरण, महेंद्र कपूर और अनुराधा पौडवाल द्वारा प्रस्तुत नवरात्र भजन होंगे। चैनल देश भर के विभिन्न शक्ति पीठों पर विशेष फीचर भी प्रस्तुत करेगा।

********************

रांची जिला प्रशासन सरहुल पर्व की तैयारियों में जुटा है, जिस के तहत उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। सिरम टोली सरना स्थल सहित अन्य स्थानों पर जेसीबी से सड़क समतलीकरण और सफाई कार्य तेजी से जारी है। पर्व के दौरान आवागमन सुगम बनाने के लिए नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य और पथ निर्माण विभाग सक्रिय हैं।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले में आगामी पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए जिला पुलिस–प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

********************

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आज जिले के सभी गांवों में बैठक हो रही है। इस बैठक में सखी मंडल, सीएलएफ और ग्राम संगठन मिलकर स्वावलंबन को बढ़ावा देने की ठोस कार्ययोजना तैयार करेंगे।

********************

आईपीएल क्रिकेट में आज विशाखापट्टणम में दोपहर बाद साढे तीन बजे डेल्ही कैपिटल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा, जबकि गुवाहाटी में शाम साढे सात बजे राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

********समाप्त********